# अंग्रेजी शराब बरामद, एक गिरफ्तार किया



पुलिस ने शराब बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

**जोधपुर।** अवैध अन्य राज्य की शराब धरपकड़ के अभियान के तहत आबकारी आयुक्त शिव प्रसाद नकाते एवं अतिरिक्त आबकारी आयुक्त संभाग जोधपुर सीमा कविया के निर्देशन एवं उपायुक्त अरविंद प्रताप सिंह संभाग जोधपुर, आबकारी अधिकारी हुकम सिंह एवं भवानी सिंह जिला आबकारी अधिकारी जोधपुर के नेतृत्व में आबकारी निरोधक दल पीपाड़ जिला जोधपुर के कार्य क्षेत्र में 23 फरवरी को सघन रेड अभियान के दौरान आबकारी निरोधक दल पीपाड़ पीओ भगवत सिंह ने 1 महत्त्वपूर्ण अभियोग दर्ज कर कुल 871 पेटी में रखें रॉयल स्लेक्ट डुलेक्स विस्की अंग्रेजी शराब मध्यप्रदेश राज्य में बिक्री निमित कुल 41808 पव्वे प्रत्येक 180 एमएल क्षमता के बरामद किए गए।

अभियुक्त संजय विश्नोई,निवासी कानावास बिलाडा (जोधपुर) को मौके से गिरफ्तार किय सयुंक्त रेड ग़स्त में ललित विश्नोई, मांगीलाल जोधपुर ठाामीण , लाला राम सरदार पुरा, भगवान सिंह जोधपुर पश्चिम, विक्रम सिंह जोधपुर पूर्व मय टीम ज़िला जोधपुर सम्मिलित रहे।

# चिकित्सा केंद्र के नवनिर्मित भवन व पेयजल योजना का शुभारंभ

**राजसमन्द**, (निसं)। आलोक समाज सेवा प्रकोष्ठ एवं आलोक इंट्रैक्ट क्लब के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पंचायत ऊनवास-पंचायत समिति खमनोर में सेवा कुंभ का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत प्राथमिक चिकित्सा केंद्र के नव-निर्मित भवन व पेयजल योजना- माणी की भागल का विधिवत लोकार्पण आलोक संस्थान के निदेशक व अखिल भारतीय नव वर्ष समारोह समिति के राष्ट्रीय सचिव डा. प्रदीप कुमावत द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आलोक संस्थान निदेशक डॉ प्रदीप कुमावत, अध्यक्षता गीता देवी श्रीमाली-

■ **जरूरतमंदों को कम्बल, स्कूली बैग व स्टेशनरी बांटी**

प्रशासक ग्राम पंचायत उनवास, विशिष्ठ अतिथि समाजसेवी प्रकाश कनेरिया रहे।

समाजसेवी व अधिष्ठाता संस्कृति पीठ संस्थान राजेन्द्र श्रीमाली ने विकास कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रशासक मनोज कुमावत, प्राचार्य ललित गोस्वामी, सहायक प्रशासक ध्रुव कुमावत, ग्रामवासी व आलोक उदयपुर व राजसमन्द का स्टाफ भी उपस्थित रहा



सेवा पर्व पखवाड़ा-ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित हुआ।

शिक्षाविद व निदेशक डॉ प्रदीप कुमावत ने कहा कि गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुलने से गांव निवासियों को प्राथमिक व आकस्मिक उपचार की सुविधा मिल सकेगी। प्रत्येक नागरिक को स्वास्थ्य संबंधी सुविधा प्राप्त हो,यह उसका अधिकार भी है। सेवा कुम्भ के अंतर्गत आलोक समाज सेवा प्रकोष्ठ एवं आलोक इंट्रैक्ट क्लब के के बारे में कहा कि सामाजिक सेवा के भाव के साथ जरूरतमंदों की सेवा कार्य को आयोजित करता चला आ रहा है। जरूरतमंद की सेवा करने वाला हमेशा ईश्वर के निकट होता है। ऐसी सेवा एक ऐसा माध्यम है जिसके जरिये आलोक के विद्यार्थी सहयोग देकर उनके प्रति समानुभूति का भाव प्रकट करते हैं। इस अवसर पर सभी को पर्यावरण संरक्षण व वृक्षारोपण का संकल्प भी दिलाया। आलोक राजसमंद एवं आलोक इंट्रैक्ट क्लब हिरणमंगरी उदयपुर के कार्यकर्ताओ ने ग्राम ऊनवास पहुँचकर सेवा गतिविधियों में भाग लिया। सेवा कुंभ के माध्यम से ग्रामीण एवं वनवासी अंचल से आए जरूरतमंदों व राजकीय स्कूली बच्चों को कंबल, स्कूल बैग्स व स्टेशनरी सहित अन्य उपयोगी सामग्री वितरित की।

# धोखे से जमीन हड़पी

**उदयपुर,**(कासं)। शहर के सविना थाना पुलिस ने ठेकेदार का अपरण कर बंधक बना मारपीट कर रूपये वसूलने वाले के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

जानकारी के अनुसार पीडित मांगीलाल कलाल निवासी एक्में धोल की पाटी तितरड़ी ने बहादुर चरपोटा नामक आरोपी व साथी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। पीडित ने बताया कि मैं ठेकेदारी का काम करता हू तथा आरोपी भी ठेकेदारी का काम करता है। जिसने मेरे साथ काम किया था तथा उसका किसी प्रकार का कोई बकाया नहीं है। 21 फरवरी को आरोपी के बुलावे में धोल की पाटी आया। जहां से आरोपी कार में डाल कर मेरा अपहरण कर जयसमंद ले गया।

# लूट का खुलासा आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर,** (निसं)। बिछीवाडा थाना पुलिस ने हाईवे पर लूटपाट की 4 वारदातों को अंजाम देने वाले शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने जिले के टॉप-10 वांछित ओर 3 हजार रुपये के इनामी आरोपी प्रदीप मीणा को गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। गिरफ्तारी से बचने के लिए पडौसी गुजरात राज्य में छिपता फिर रहा था। वहीं, पुलिस ने मामले में 3 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

जिला पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि ऑपरेशन शिकंजा के तहत विशेष अभियान के तहत लूटपाट करने वाली गैंग का खुलासा किया है। बिछीवाडा थाना क्षेत्र में लूटपाट की वारदातो का खुलासा करने थानाधिकारी कैलाशचन्द्र सोनी के नेतृत्व में गठित टीम ने जांच शुरू की। पुलिस ने छानबीन करते हुए आरोपी प्रदीप मीणा निवासी बिजुडा के खिलाफ अब तक 12 आपराधिक केस दर्ज हैं। वह जिले का टॉप-1० अपराधी घोषित है।

थानाधिकारी कैलाश सोनी ने बताया कि लूट मामलों में अब तक कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पूर्व में पप्पू उर्फ भूपेन्द्र, विजेश उर्फ विजय और सुनील को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस द्वारा मुख्य आरोपी से गहन पूछताछ जारी है और अन्य संभावित वारदातों के बारे में भी जांच की जा रही है।

# पंच गौरव मेला व प्रदर्शनी 25 व 26 फरवरी को

**उदयपुर,** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर शुरू की गई पंच गौरव योजना के तहत आमजन को पंच गौरव की महत्ता से रूबरू कराने तथा उनके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए अब पंचायत समिति स्तर पर पंच गौरव मेले एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

उदयपुर जिले में पंच गौरव कार्यक्रम क्रियान्वयन अध्यक्ष एवं जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देश पर 25 एवं 26 फरवरी को सभी पंचायत समिति मुख्यालयों पर पंच गौरव मेला व प्रदर्शनी आयोजित होगी।


प्रपत्र संख्या 7
( देखिये नियम 21 )
**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, उदयपुर (राज.)**
**नोटिस**
पत्रावली संख्या:- 124/2026/1115 दिनांक- 20.2.26
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस सम्बन्धित व्यक्तियों का
(समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु)

चूकि श्री कमल भंडारी अध्यक्ष ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा-17 (2) के अन्तर्गत प्रताप बसंतीलाल भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट 29-ए अलकापुरी, होटल लेकेडं के सामने, उदयपुर प्रन्यास के सम्बन्ध में पंजीयन किये जाने के लिये आवेदन पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा 2 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपयुक्त प्रन्यास, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 (साठ) दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। ओर यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 20.2.26 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आगामी पेशी तारीख 28.04.26 की रखी गयी है।

( जतीन कुमार गांधी )
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, उदयपुर



**आम-सूचना**

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम बिजनोल तहसील नाथद्वारा जिला राजसमन्द में स्थित वर्तमान सेटलमेन्ट अनुसार खसरा संख्या 641 क्षेत्रफल 2.4534 हेक्टेयर भूमि जो श्री जयसिंह पिता श्री नवलसिंहजी राव निवासी मोलामगरी (ढाणी रेबारियान) की जर खरीद होकर वे अकेले खातेदा तथा आधिपत्यधारी थे जिनके स्वर्गवास के उपरान्त उनके पिछे दो पुत्र श्री नरेन्द्रसिंह, समर्थसिंह एंवम् पत्नी श्रीमती रघुकुंवर ही वैधानिक उत्तराधिकारी होने के जरिये नामान्तरणकरण संख्या 646/27.02.2003 ईस्वी से उनके नाम पर दर्ज की गई के आधार पर उपरोक्त श्री नरेन्द्र सिंह, समर्थसिंह एंवम् श्रीमती रघुकुंवर द्वारा मेरे कायार्थी को बताया गया कि स्व. श्री जयसिंहजी के उपरोक्त नामांकित वारीसो के अलावा अन्य कोई वैधानिक उत्तराधिकारी नहीं है तथा उपरोक्त भूमि में उनके अलावा अन्य किसी का कोई स्वत्व तथा हित नहीं है के आधार पर मेरे कार्यार्थी द्वारा उपरोक्त खसरा संख्या 641 क्षेत्रफल 2.4534 हेक्टेयर भूमि मे से 2.2761 हेक्टेयर भूमि क्रय करनी तय कर मेरे कायार्थी द्वारा उनको अग्रिम राशि का भी भुगतान कर दिया तथा अब मात्र मेरे कायार्थी के पक्ष में विक्रय पत्र निष्पादित करवाना तथा भूमि का आधिपत्य प्राप्त करना ही शेष है।

कि उपरोक्त भूमि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति, संस्था, कम्पनी अथवा अगर कोई जयसिंहजी की संपति में अंश व हित रखता हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन से 10 दस दिन में मय दस्तावेजी सबूत सहित लिखित में मैरे समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा बाद गुजरने अवधि मेरे कायार्थी द्वारा उपरोक्त भूमि का अपने पक्ष में विधिवत विक्रय पत्र निष्पादित करवा भूमि का आधिपत्य प्राप्त कर लिया जावेगा उसके बाद किसी भी प्रकार की कोई भी उजरदारी मेरे कायार्थी के मुकाबले प्रभावशुन्य होगी सो सूचित रहे।
स्थान: नाथद्वारा
दिनाक 23.02.2026 ईस्वी
( प्रमोदकुमार वशिष्ट )
एडवोकेट, वशिष्ट आश्रम, तहसील रोड नाथद्वारा
मो.न. 8672130602


## संक्षिप्त

### पलाड़ा का भीम में भव्य स्वागत

**भीम,** (निसं)। अखिल भारतीय हिन्दू क्रान्ति सेना के राष्ट्रीय संरक्षक भंवरसिंह पलाड़ा सोमवार को भीम में अल्प प्रवास पर रहे। इस दौरान शहर के समीपस्थ राधेकृष्णा रिसॉर्ट में अखिल भारत हिंदू क्रांति सेना राष्ट्रीय संरक्षक भंवरसिंह पलाड़ा राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद सोनी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष योगेश पालीवाल प्रदेश प्रभारी मनीष पालीवाल उदयपुर संभाग अध्यक्ष गणपतसिंह संभाग प्रभारी नरेश कुमार भाट जिला अध्यक्ष पवन टांक जिला महामंत्री मुकेश कुमार भाट डूंगरा देवड़ा सुभाष मेवाडा टाइगर चेतन सिंह गौतम गोविंदा सुनील चेता सुरेश देवड़ा सुरेन्द्र सिंह आदि पदाधिकारियों से संवाद किया। इस दौरानअखिल भारतीय हिन्दू क्रान्ति सेना के राष्ट्रीय संरक्षक भंवरसिंह पलाड़ा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के प्रकल्प उद्देश्य धर्म जागरण राष्ट्र के एकता अखंडता एवं हिंदुत्व के प्रचार प्रसार पर चर्चा की।

### उपखण्ड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**भीण्डर,** (निसं)। भीण्डर नगर पालिका के पूर्व पार्षद जितेन्द्र साहु ने उपखण्ड अधिकारी रमेश बहेड़िया को ज्ञापन सौंप करके सूरजपोल से गिरिवलपोल तक खस्ताहाल हो रही सड़क का जल्द से जल्द निर्माण कार्य करने की मांग रखी। इसको लेकर उपखण्ड अधिकारी ने तुरंत पीडब्ल्यूडी सहायक अभियंता को फोन करके आबादी क्षेत्र में जल्द सड़क निर्माण करने के निर्देश दिये, वहीं नगर पालिका ईओ को निर्देश दिये कि जब तक सड़क नहीं बन जाएं सुबह-शाम पानी का छिडकाव करके उडने वाली मिट्टी से राहत प्रदान की जाएं। ज्ञापन देने के दौरान पवन मंदावत भी उपस्थित थे। ज्ञापन में बताया कि भीण्डर के सूरजपोल से गिरवर पोल तक जाने वाला मुख्य मार्ग पिछले काफी समय से खस्ताहाल एवं जीर्ण-शीर्ण स्थिति में पहुंच चुका है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण आवागमन में लगातार कठिनाइयां हो रही हैं।

# यूजीसी के समर्थन में कलक्टर को ज्ञापन दिया



जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह यादव को यूसीजी के समर्थन में ज्ञापन देते डॉ अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारी।

**बांसवाड़ा,** (निसं)। डॉ अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी ने जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह यादव को यूजीसी के समर्थन में जिलाध्यक्ष कोदरलाल परमार के नेतृत्व में ज्ञापन दिया।

जिला महासचिव मणिलाल यादव ने बताया कि इस कानून का विरोध करना उचित नहीं है यह कानून समस्त समाजों में आपस में समानता लाने का प्रयास है। इसका उद्देश्य समाज में समानता को बढ़ावा देना और सभी वर्गो का समान अधिकार दिलाना है। समर्थकों का कहना है कि भारतीय संविधान सभी नागरिकों को समानता का अधिकार देता है। जिसकी आधारशिला भारतीय संविधान में निहित है।

समाज के सभी लोगों को संगठित होकर रहना चाहिए और एकता का परिचय देना चाहिए। सामाजिक एकजुट पारस्परिक सम्मान और समान अधिकारों की भावना को मजबूत करने की आवश्यकता है।

# जीसीए ने एकतरफा मुकाबले में क्रॉसरोड्स को हराया

**उदयपुर,** (कासं)। पैसिफिक हास्पिटल, विनय क्रिकेट क्लब व लीला फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पिम्स मेवाड़ कप सीजन 4 में सोमवार को खेले गए मुकाबलों में जीसीए ने सेमीफाइनल में क्रॉसरोड्स इंटरनेशनल स्कूल को एकतरफा अंदाज में 138 के भारी अंतर से परास्त कर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

जीसीए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18 आवेर में सभी विकेट खोकर 217 रन बनाए। इसमें अहान पोद्दार ने 31 बॉल में 57, स्मित पटेल ने 27 बॉल में 5० रन का योगदान दिया। क्रॉसरोड्स इंटरनेशनल स्कूल के ब्रिजेश शर्मा ने तीन विकेट लिए। जवाब में जीत का लक्ष्य लेकर उतरी ऋॉसरोड्स इंटरनेशनल स्कूल की शुरूआत बेहद खराब रही। टीम ने पावर प्ले में ही तीन विकेट खो दिए। इसके बाद लगातार विकेट गिरते रहे और टीम को संभलने का मौका ही नहीं मिला। जीसीए के हेमांग पटेल ने बल्लेबाजों की कमर तोड़ कर रख दी। उन्होंने 25 रन देकर पांच विकेट झटके। इसी तरह से पूरी टीम मात्र 79 रन पर ही सिमट गई।

■ **जीसीए व उदयपुर लेकसिटी वारियर्स फाइनल में पहुंची**





जीसीए ने क्रॉसरोड्स को हरा फाइनल में प्रवेश किया।

इससे पहले खेले गए पहले सेमीफाइनल में उदयपुर लेकसिटी वारियर्स की टीम ने 20 ओवर में 186 का स्कोर खड़ा किया। सिद्धार्थ पाटीदार ने 42 बॉल में दो छक्कों व छह चौकों की बदौलत 56 रन का योगदान दिया। जवाब में आदित्यम रियल स्टेट्स की टीम 19 ओवर में सभी विकेट खोकर 165 रन ही बना सकी और मुकाबला 21 रन से गंवा बैठी

# 'मसाला फसलें आज की आवश्यकता'

**उदयपुर,** (कासं)। कृषि विज्ञान केन्द्र भीलवाड़ा पर सुपारी एवं मसाला विकास निदेशालय, कालीकट, केरल एवं अनुसंधान निदेशालय, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर द्वारा प्रायोजित एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन मसाला फसलों की उन्नत उत्पादन प्रौद्योगिकी विषय पर सोमवार को आयोजित किया गया।

केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. सी. एम. यादव ने दक्षिणी राजस्थान में मसाला फसलों की महत्ता पर चर्चा करते हुए कृषकों को मसाला फसलों की उपयोगिता एवं उसके उत्पादन वृद्धि कर आमदनी बढाने की आवश्यकता प्रतिपादित की। डॉ. के. सी. नागर, आचार्य-शस्य विज्ञान, बारानी कृषि अनुसंधान केन्द्र, आरजिया ने मसाला फसलों की उन्नत खेती के महत्त्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा करते हुए समन्वित खरपतवार प्रबन्धन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। डॉ. रविकान्त शर्मा, सह निदेशक अनुसंधान, अनुसंधान निदेशालय उदयपुर ने मसाला फसलों की जैविक खेती के महत्त्वपूर्ण पहलुओं चर्चा की। डॉ. सुचित्रा दाधीच, सहायक आचार्य उद्यान, कृषि महाविद्यालय भीलवाड़ा ने बीजीय मसालों में कटाई उपरान्त प्रबन्धन की जानकारी के साथ ही उन्नत सब्जी उत्पादन द्वारा आमदनी बढाने पर जोर दिया। डॉ. अभय दशोरा, सहायक आचार्य एवं परियोजना प्रभारी, आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन, राजस्थान कृषि महाविद्यालय, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर ने परियोजना के उद्देश्य को बताया।



एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन हुआ।

# विश्व स्काउट दिवस चिंतन दिवस के रूप में मनाया

**उदयपुर,** (कासं)। हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय उदयपुर द्वारा पेसिफिक कॉलेज ऑफ टीचर्स एजुकेशन,देबारी में आयोजित कब मास्टर फ्लॉक लीडर बेसिक कोर्स शिविर में विश्व स्काउट दिवस को स्काउटिंग के जनक लार्डबेडेंन पॉवेल जयंती को चिंतन दिवस के रूप में समारोह पूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम में आए अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर और बैंड के द्वारा कार्यक्रम स्थल तक लाया गया मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महासचिव-हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स जी. एस शर्मा, अध्यक्षता राज्य सचिव हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य, नरेंद्र औदिच्य , विशिष्ट अतिथि राज्य प्रशिक्षण आयुक्त हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य प्रदीप मेघवाल,संभाग सचिव उदयपुर संभाग मुकेश कुमार,जिला सचिव उदयपुर रमा जैन, पेसिफिक कॉलेज ऑफ टीचर्स एजुकेशन के प्राचार्य डॉ. कपिलेश तिवारी, व्याख्याता डॉ. कविता सागर ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया एवं लॉर्डबेडन पॉवेल को पुष्पांजलि अर्पित की।

अतिथियों का स्काउट नीति से स्कार्फ और पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया एवं प्राचार्य कपिलेश तिवारी ने महाविद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह एवं उपरना भेंट कर स्वागत किया।


**COLLEGE OF DAIRY AND FOOD TECHNOLOGY**
Maharana Pratap University of Agriculture and Technology, Udaipur
No. F CDFT/MPUAT/Open Tender/Acctts/2025-26/9749 Date: 23/02/2026
**NOTICE INVITING BIDS**
Sealed offline Bids are invited upto **11.00 AM on 06-03-2026** for procurement of Services "CLEANING AND SANITATION WORK for different college department and hostel in CDFT on Job Basis. Details may be seen in the Bidding Document at our office or on our website www.mpuat.ac.in or on State Public Procurement Portal website www.sppp.nic.in and may be downloaded on payment of Rs. 500/- in demand draft drawn in favour of DEAN, CDFT, MPUAT, Udaipur.
DEAN
CDFT, MPUAT
UDAIPUR (RAJ.)



**कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)**
Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526
क्रमांक /न.पा.नाथ/नामा./2026/18224 दिनांक : 20.2.2026
**- : आपत्ती सूचना :-**

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी :-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति का पता | पड़ौस का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1. | श्रीमती झमकु देवी एवं श्री नारायणलाल रेबारी नर्बदाशंकर निवासी-केलवा राजसमंद | भूखण्ड संख्या-01 क्षैत्रफल-8810.625 वर्गफिअ, राजमहल होटल के पास नाथुवास, नाथद्वारा | कृषि भूमि | कृषि भूमि | 30 फिट रोड | कृषि भूमि |

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा


# पुनाली में कलश निकाली यात्रा, उमड़ा सैलाब



पुनाली में पाटीदार समाज ने कलश यात्रा निकाली।

**डूंगरपुर,** (निसं)। समस्त यात्रावासी संघ पुनाली के 23 पाटीदार समाज के परिवारों के तत्वावधान में हेमाद्रि श्रवण किया। रविवार को बीडा निमंत्रण एवं गंगाजी आव्हान करके सोमवार को लगभग 4 हजार कलश की भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो गांव के अम्बे माताजी मंदिर सहित प्रमुख चौराहों से होती हुई लेऊवा पाटीदार समाज नोहरा पहुंची इसके बाद देवता पूजन पूर्णाहुति एवं महाआरती होने के बाद महाप्रसाद किया।

यात्रा में पारंपरिक वेशभूषा में सैकडों महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर भाग लिया। सोमवार को पूरा क्षेत्र जय श्री राम-जय माँ शक्ति के जयकारों और भजनों की गूंज से भक्तिमय हो गया।यात्रा में शामिल महिलाओं का जगह.जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर आयोजन समिति ने बताया कि इस कलश यात्रा का उद्देश्य समाज में एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। इस मौके पर सर्व समाज के जनप्रतिनिधि और जनता जनार्दन ने भाग लिया।

# पीएमसीएच में बिना बेहोश किए हुई फेफड़ों की जटिल सर्जरी

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर के भीलों का बेदला स्थित पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ने चिकित्सा के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व कीर्तिमान स्थापित किया है। संस्थान के कार्डियोथोरेसिक विभाग ने एक 59 वर्षीय गंभीर रूप से घायल मरीज की नॉन-इंट्यूबेटेड वीडियो-असिस्टेड थोरैकोस्कोपिक सर्जरी (एनआईवीएटीएस) कर उसे नया जीवन प्रदान किया है। दक्षिणी राजस्थान यह अपनी तरह की पहली ऐसी सफल सर्जरी मानी जा रही है, जहाँ मरीज को बिना वेंटिलेटर पर लिए फेफड़ों का ऑपरेशन किया गया।

इस सफल सर्जरी को चीन के ग्वांगझू से प्रशिक्षित थोरैकोस्कोपिक सर्जन डॉ. अनुज मेहता ने अंजाम दिया। डॉ. मेहता ने बताया कि सामान्यत: छाती की सर्जरी के लिए मरीज को जनरल एनेस्थीसिया देकर गले में एंडोट्रैकियल ट्यूब डाली जाती है और फेफडो को मशीन (वेंटिलेटर) से नियंत्रित किया जाता है। लेकिन एनआईवीएटीएस तकनीक में मरीज को कृत्रिम सांस देने की जरूरत नहीं पड़ी।



उदयपुर के पीएमसीएच में बिना बेहोश किए हुई फेफड़ों की जटिल सर्जरी की।

आईवी सेडेशन और लोकल एनेस्थीसिया के जरिए मरीज पूरी सर्जरी के दौरान प्राकृतिक रूप से सांस लेता रहा, जिससे वेंटिलेटर से जुड़ी जटिलताओं का खतरा शून्य हो गया।

दरअसल लोसिंग निवासी 59 वर्षीय पर्वत सिंह की बाइक से घर आते समय गाय से टकरा जाने से पसलियों में कई जगह फ्रैक्चर, कंधे की हड्डी चकनाचूर थी एवं तिल्ली की चोट के कारण पेट में भारी रक्तस्त्राव (हेमोपेरिटोनियम) हो रहा था। मरीज को परिजन अत्यंत नाजुक स्थिति के चलते पीएमसीएच के इमरजेंसी में लेकर आए। जहां सर्जन डॉ.रेणू रांवका एवं उनकी टीम ने मरीज की गंभीर स्थिति को देखते तुरन्त आईसीयू में शिफ्ट किया गया। लगभग दो हफ्तों तक आईसीयू में रहने के बाद मरीज की हालत मे सुधार होने के बाद फेफड़ों की जटिलता को दूर करने के लिए थोरैकोस्कोपिक सर्जन डॉ. अनुज मेहता की टीम ने थोरैकोस्कोपिक सर्जरी का निर्णय लिया गया।


**कार्यालय नगरपरिषद् सलूम्बर, जिला सलूम्बर (राज.)**
क्रमांक:- न.प.स./नामान्तरण/2025-26/2819 दिनांक: 23.2.2026
**उजरदारी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्ति द्वारा निम्नलिखित व्यक्ति ने उनके आगे लिखे व्यक्ति द्वारा भूखण्ड क्रय किया था। जिसमें श्री सविता लखारा पत्नि श्री बगदीलाल लखारा की मृत्यु दिनांक 11.03.2022 को होने से इनके वारिसान के द्वारा नामान्तरण हेतु पत्रावली नगर परिषद् में प्रस्तुत की है, जिसका पडौस उनके आगे लिखत है, जिसमें किसी भी व्यक्ति या पडौसियों को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति नोटिस जारी होने की तिथी से 07 दिन के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति निम्न हस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। समयावधि के पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं प्रार्थी के नामान्तरण के संबंध में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

| क्र.सं. | नाम भूखण्ड | भूखण्ड हस्तान्तरण | साईज, राजस्व ग्राम, भूखण्ड के पडौस |
|---|---|---|---|
| 01 | श्रीमति सविता पत्नि श्री बगदीलाल लखारा निवासी सलूम्बर तहसील सलूम्बर जिला सलूम्बर। मृत्यु दिनांक 11.03.2022 | श्री बगदीलाल लखारा पिता श्री भेरा जी, सुश्री पायल लखारा पिता श्री बगदीलाल लखारा, सुश्री हर्षिता लखारा पिता श्री बगदीलाल लखारा, सुश्री तनीशा लखारा पिता श्री बगदीलाल लखारा निवासी सलूम्बर तहसील सलूम्बर जिला सलूम्बर एवं श्रीमति पुजा लक्षकार पत्नि श्री भावेश लखारा निवासी इन्टाली जिला उदयपुर। | कुल 315 वर्गफीट, राजस्व ग्राम सलूम्बर पूर्व:- विक्रेता स्वयं का अन्य मकान। पश्चिम:- सराकती गली एवं श्री नरेन्द्र कुमार कोठारी का मकान। उत्तर :- आम रास्ता। दक्षिण :- श्री बदामीलाल पारडिया का बाडा। |

आयुक्त, नगरपरिषद् सलूम्बर